**लोक-सभा में सदस्यों को अपने निर्वाचन-क्षेत्र के लोगों की भावनायें व्यक्त करने का अवसर**

3975. **श्री विभूति मिश्र : क्या संसद्-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि संविधान की प्रस्तावना के अनुसार लोक-सभा के सभी सदस्यों को अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों की भावनायें रखने का समान अवसर नहीं मिलता; और

(ख) यदि हां, तो इस बात को सुनिश्चित करने के लिये कि सभी सदस्यों को सरकार के समक्ष अपनी भावनायें रखने का समान अवसर मिले, सरकार का विचार क्या कार्य करने का है ?

**संसद् कार्य तथा संचार मंत्री ( श्री सत्य नारायण सिंह ):** (क) संविधान की प्रस्तावना का सदयों को अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों की भावनायें व्यक्त करने के अवसर देने के प्रश्न से कोई सम्बन्ध नहीं है । लोक-सभा की कार्यवाही की व्यवस्था अध्यक्ष महोदय द्वारा प्रक्रिया तथा कार्य संचालन सम्बन्धी नियमों के अधीन की जाती है । इन नियमों के अनुसार सदस्यों को अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों की भावनायें व्यक्त करने के बारे में कोई भेदभाव प्रतीत नहीं होता है ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

**Telephone and Telex Rates**

**3976. Shri P. C. Borooah:**
**Shri M. L. Dwivedi:**
**Shri Bhagwat Jha Azad:**
**Shri S. C. Samanta:**
**Shri Subodh Hansda:**
**Shri Kishen Pattnayak:**
**Shri Madhu Limaye:**
**Shri Kapur Singh:**
**Shri D. C. Sharma:**
**Shrimati Savitri Nigam:**
**Shri Onkar Lal Berwa:**
**Shri P. K. Deo:**
**Shri Bagri:**
**Shri P. R. Chakraverti:**
**Shri Ram Harkh Yadav:**
**Shri Murli Manohar:**
**Shri Basumatari:**
**Shri Shree Narayan Das:**
**Shri Shiv Charan Gupta:**
**Shri Sezhiyan:**

Will the Minister of **Communications** be pleased to state:

(a) whether Government have decided to raise the telephone and telex rates;

(b) if so, the reasons therefor and the reaction of the subscribers thereto;

(c) how far the different rates have been enhanced; and

(d) the additional revenue expected from this enhancement?

**The Minister of State in the Departments of Parliamentary Affairs and Communications (Shri Jaganatha Rao):** (a) The tariffs for certain telecommunication services have been revised from 16th January, 1966.

(b) and (c). The increases in tariffs have been made mainly on budgetary and technical considerations. A comparative statement showing old and new tariffs is laid on the table of the House. [*Placed in Library. See* No. LT-6092/66].

(d) About rupees ten crores per annum.

**शिक्षित लोगों में बेरोजगारी**

3977. **श्री विभूति मिश्र : क्या श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बेरोजगार डाक्टरों, इंजीनियरों और अनपढ़ व्यक्तियों तथा मैट्रिक, आई० ए० आई० एस० सी०, बी० ए०, बी० एस० सी०, एम० ए० और एम० एस० सी०, स्तर तक पढ़े हुए बेरोजगार व्यक्तियों की इस समय राज्यवार संख्या कितनी है;

(ख) क्या उन्हें जीविकोपार्जन के उपयुक्त साधन दिलाने के लिए सरकार का कोई व्यवस्था करने का प्रस्ताव है; और